तापमान

अधिकतम 19.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026



09 वन्य प्राणी नील गाय भटक कर पहुंचा गांव के नजदीक



10 धुरसा में सिन्हा कलार समाज के वार्षिक सम्मेलन में...






**खबर संक्षेप**

## संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि आज

**राजिम।** 9 फरवरी को संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि है। छत्तीसगढ़ ब्रह्मचर्य आश्रम न्यास समिति के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, सचिव अनिल तिवारी, सहसचिव संदीप तिवारी, सदस्य राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास, केके पुराणिक, लोकेश पांडे, युवराज शर्मा, केके शर्मा, विकास तिवारी, दिनेश शर्मा ने बताया कि आश्रम में दीवान जी को श्रद्धा सुमन अर्पित की जाएगी। श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट के मैनेजर पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर चरण पादुका पूजन तथा संस्कृत विद्यापीठ के छात्रों द्वारा मंत्रोच्चार किया जाएगा और भोजन प्रसादी का वितरण होगा। संत कवि पवन दीवान जी छत्तीसगढ़ के एक प्रख्यात संत कवि और राजनेता थे जिन्हें छत्तीसगढ़ का गांधी भी कहा जाता है। वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के प्रमुख नेता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के मुखर पैरोकार थे, जिन्होंने अंबर का आशीष जैसी कृतियां रची। डॉ. रमन सिंह सरकार में वह छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे। अविभाजित मध्यप्रदेश में जेल मंत्री तथा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के दो बार सांसद के पद को सुशोभित किया है। श्रीमद् भागवत महापुराण में इनके द्वारा कहे जाने वाले कथा को सुनने के लिए लोग टूट पड़ते थे।



**कुंभ कल्प :** पिकअप, ट्रैक्टर, मेटाडोर और दुपहिया वाहनों के चलते जाम की स्थिति बनी रही

# राजिम कुंभ कल्प में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सड़कों पर लगा 10 किमी जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छुट्टी का दिन होने के कारण संडे को ऐतिहासिक भीड़ जुटी। इस तरह की भीड़ इस साल के मेले में पहली बार देखने को मिला है। राजिम पहुंचने वाले सभी सड़क मार्गों पर यहां से 10-10 किमी दूर तक मोटर गाड़ियों, बाईक सवारों का तांता लगा हुआ था। मसलन रायपुर मार्ग, गरियाबंद, कुरूद, मगरलोड, आरंग, महासमुंद, छुरा मार्ग से लेकर आसपास के तमाम गांवों को जोड़ने वाली सड़कें हाऊसफुल नजर आई है। यह भीड़ सुबह 11 बजे से जो शुरू हुआ, तो देर रात समाचार भेजे जाने तक ऐसी ही बनी रही। राजिम-नवापारा शहर के हर दिशाओं के हर सड़कों पर रेलमपेल मोटर-गाड़ियों के चलते शाम से लेकर रात तक जाम की स्थिति बनती रही। भीड़ का आलम यह था कि शाम को किसी भी यात्री बसों में पैर रखने की जगह यात्रियों को नहीं मिल पा रही थी, तो कई यात्रियों को बसे ही नहीं मिल पा रही थी, यात्रियों को झोला, बैग कपड़े अपनी फैमिली के साथ वापसी के लिए खड़ा रहकर काफी परेशान हालत में देखा गया है। इसके अलावा पिकअप मालवाहक वाहन ट्रेक्टर, मेटाडोर, सूमो, बोलेरो, स्कार्पियो और दोपहिया वाहनों में भी लोग मेला आ रहे थे और मेला में घूमकर खरीदी करने के बाद वापस जा भी रहे थे। सड़कें तो हाऊसफुल थी ही। रविवार की भीड़ देखकर मेले में दुकान लगाए दुकानदार और व्यापारी भी बौरा गए थे। वे ग्राहकों को ठीक से सामान भी नहीं दे पा रहे थे। होटल और चाट कॉर्नरों में तो सप्लायर के हाथ खाली नहीं था। मेले की भीड़ को देखकर लग रहा था, मानो सभी दिन का कसर रविवार ने पूरी कर दिया हो। दुकानदारों के लिए रविवार का दिन ऐसा साबित हुआ कि कुछ पूछो ही मत। सभी दुकानदार उत्साहित थे। ऐसा कोई भी दुकान नहीं था, जहां भीड़ न रही हो। मेला में सजी सभी दुकानों में खरीददारों की जबर्दस्त भीड़ नजर आई है।



### दुकानें सजीं, मेला गुलजार

खासतौर से होटल, चाट कॉर्नर, फैन्सी स्टोर्स, चुड़ी, चप्पल, पर्स, आईसक्रीम, गन्ना रस, कोल्ड ड्रिंक्स, बैग के अलावा चाय-पान के ठेले, ढाबा, फल फ्रूट की दुकानें भी काफी भीड़ भरी हुई थी। इसके अलावा मेला मैदान में सजी मीना बाजार में लगे सभी तरह के झूले का आनंद युवा वर्ग दोपहर से लेकर शाम-रात तक लेते रहे। एक तरह से कहा जाए कि लोग अपने बच्चों के साथ संडे का मजा लेने के लिए राजिम पहुंचे हुए थे। यहां पहुंचने वालों में श्रद्धालुओं की संख्या भी अच्छी थी। राजिम के दोनों सुप्रसिद्ध मंदिर भगवान श्री राजीव लोचन व श्री कुलेश्वनाथ महादेव के दर्शन पूजा के लिए लाईनें लगी हुई थी। मेले की भीड़ को देखकर हजारों ऐसे श्रद्धालु थे जो बिना दर्शन किए दूर से ही नारियल अगरबत्ती चढ़ाकर वापस लौट गए।



### कुंभ कल्प मेला में दिलीप षडंगी का कार्यक्रम आज

राजिम कुंभ कल्प मेला के नौवें दिवस आज सोमवार 9 फरवरी को सांस्कृतिक संध्या खास रहेगी। मुख्य मंच पर शाम 7 बजे से प्रदेश के प्रसिद्ध जस गीत सम्राट एवं लोक गायक दिलीप षड़ंगी अपनी झमाझम प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। वहीं रायपुर की गीतिका चक्रधर द्वारा कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। दुर्ग से ईश्वर देवांगन एवं उनकी टीम लोकमंच की प्रस्तुति देंगे।

# आधे-अधूरे सड़क निर्माण से स्कूली बच्चे और ग्रामीण हो रहे दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मुख्य मार्ग में मैनपुर नगर से मुड़ापारा तक महज आधा किलो मीटर वह भी छोड़–छोड़ कर छोटा सा मरम्मत कार्य पेज वर्क किया जा रहा है लेकिन लोक निर्माण विभाग के उदासीन रवैये के कारण पिछले एक माह बाद भी यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। आधा -अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है जिसके कारण आए दिन इस मार्ग में राहगिर खासकर मोटर सायकल सवार गिर कर घायल हो रहे हैं लगातार शिकायत के बावजूद लोक निर्माण विभाग के संबंधित अफसरों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगीय देखने को मिल रही है और लोगों ने इस मामले की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके से करते हुए लोक निर्माण विभाग को निर्देश देने और निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की मांग किया है। ज्ञात हो कि यह मार्ग



काफी महत्वपूर्ण है इस मार्ग में कई व्यवसायीक प्रतिष्ठान दुकान और नदी तालाब निस्तार के साथ इसी मार्ग में स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल ▶▶| शेष पेज 9 पर

## तोता पकड़ने पेड़ पर चढ़ युवक पैर फिसलने पर सिर के बल गिरा, मौत

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्त वनांचल ग्राम भुतबेड़ा से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आई एक युवक पेड़ पर तोता पकड़ने के लिए चढ़ा था कि अचानक पैर फिसल जाने से युवक सिर के बल जमीन पर गिरा और सिर और कान से अत्यधिक खून बहने के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई जिसका मैनपुर में पोस्ट मार्डम कर शव को परिजनों को सौप दिया गया और मामले की जांच किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से लगभग 35 किमी दूर बिहड़ जंगल क्षेत्र में बसा ग्राम भुतबेड़ा में एक युवक लिकेश नेताम पिता कैलाश नेताम उम्र 23 वर्ष पेड़ पर तोता निकालने के लिए आज रविवार सुबह चढ़ा हुआ था कि पैर फिसल गया और बैलेंस बिगड़ गया युवक जमीन पर गिर पड़ा जिससे उसके सिर, कान में गंभीर चोट आने से लगातार खून बहने से युवक की मौत हो गई। मैनपुर में डॉक्टर के द्वारा पोस्टमार्डम कर शव परिजनो को सौप दिया गया वहीं पुलिस द्वारा मामले में जांच किया जा रहा है।




## खबर संक्षेप

### गर्म कपड़ा बेचने वालों की गांव-गांव में दस्तक



**मैनपुर।** ठंड के सीजन में वनांचल क्षेत्र के गांव -गांव में गर्म कपड़ा बेचने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते है और साइकिल के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर कपड़ा बेचते हैं।

### नहीं थम रहा अवैध रेत परिवहन का सिलसिला



**बसना।** सांकरा जोंक नदी माटीदरहा, बिजेपुर घाट से रेत का अवैध परिवहन रेत माफियाओं द्वारा बसना सांकरा क्षेत्र में किया जा रहा है। माटीदरहा घाट से अवैध रेत परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेत को भारी मात्रा में परिवहन कर खपाया जा रहा है। अवैध रेत परिवहन को रोकने में शासन प्रशासन नाकाम साबित हो रही है। रेत का अवैध परिवहन शासन प्रशासन के अधिकारियों के नाक के नीचे से हो रहा है और अधिकारी इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है। शासन प्रशासन को रेत घाट से मिलने वाली राजस्व की हानि हो रही है आखिर क्यों? क्या इसकी जानकारी खनिज विभाग के अधिकारियों को नहीं है अगर है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। बता दें कि प्रतिदिन सबेरे से लेकर देर रात तक माटीदरहा बिजेपुर घाट से अवैध रेत परिवहन का खेल बदस्तूर जारी है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर में रेत भरकर परिवहन खुले आम किया जा रहा है। इसे रोका जाना आवश्यक है। ताकि, शासन प्रशासन को राजस्व की हानि से बचाया जा सके। रेत परिवहन करने वाले रेत माफियाओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71(5) तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(5) के तहत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत कार्रवाई किया जाना चाहिए। इस संबंध में खनिज निरीक्षक और जिला खनिज अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

### चर्म रोग जांच आज से

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में प्रत्येक सोमवार से गुरुवार एवं शनिवार को समय दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा शर्मा (एमबीबीएस, एमडी) रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। चर्म रोग जांच में दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरियासिस, एलर्जी, मस्से, गुप्त रोग, सर के बालों से संबंधित समस्याओं की जांच की जाएगी।

# हादसों से सबक नहीं, पिकअप और ट्रैक्टर में ढो रहे हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

क्षेत्र में मालवाहक वाहनो को इस्तेमाल यात्री ढोने में हो रहा है लगातार हादसों के बावजूद सबक नहीं लिया जा रहा है ट्रेक्टर पिकअप वाहन में सवारी भरकर फर्राटेदार नेशनल हाईवे में दौड़ते नजर आ रहे हैं। लापरवाही से दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है और जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि पिछले 03-04 वर्षों में ट्रेक्टर और पिकअप में यात्री ढोते समय जिले में ऐसी कई दुर्घटना घटी है जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए है और कई लोगों की मौत भी हुई है। दुर्घटना के बाद फौरी तौर से कुछ दिन कार्यवाही किया जाता है फिर भुला दिया जाता है। मैनपुर गरियाबंद नगरी देवभोग झरगांव ओड़िशा सीमा से लगे ग्रामों में इन दिनों ट्रेक्टर और पिकअप में आवश्यकता से अधिक लोगों को भरकर लाते लेजाते दिखाई दे रहे हैं तो वहीं कही मजदूरों को तो कही बारात में तो कही व्यापारियों को हाटबाजार के दौरान लाने ले जाने में उपयोग खुलेआम हो रहा है। परिवहन विभाग के अनुसार ऐसे वाहनों में जनमानस का परिवहन नहीं होना चाहिए लेकिन धड़ल्ले से तेज रफ्तार से फर्राटे भर रहे है और लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है तो वहीं अनफीट वाहन मौत को आमंत्रण दे रहा है।

## ट्रैक्टर और पिकअप के अधिकांश चालकों के पास नहीं है लायसेंस



पिकअप ट्रैक्टर मालवाहक में क्षमता से अधिक लोगों को सवार कर दौड़ा रहे है इन अधिकांश वाहन चालकों के पास जांच किया जाए तो लायसेंस भी नहीं मिलेगी। प्रशिक्षण तो बहुत दूर की बात है मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर, उरमाल, देवभोग नगर के बीच ट्रैक्टर चालक भारी तेजगति से वाहन दौड़ा रहे है जिससे आए दिनों दुर्घटनाएं आम बात हो गई है खासकर स्कूल के छुट्टी के समय जब बच्चे स्कूल से एक साथ निकलते है ऐसे समय भी धीरे वाहन नहीं चलाते जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के वरिष्ठजनों ने मांग किया है कि ऐसे वाहनों की जॉच किया जाए और वाहन चालकों का लायसेंस का भी जॉच किया जाये कई तो कम उम्र के बच्चे बेधड़क ट्रेक्टर दौड़ाते सड़क में दिखाई दे रहे है। गौरतलब है कि मोटर व्हीकल एक्ट में मालवाहक तथा सवारी वाहन गाड़ियो के लिए अलग-अलग प्रावधान है नियमानुसार मालवाहक वाहन में सवारियो को नही बिठाया जा सकता वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों ने ब्लॉक स्तर में शिविर लगाकर लायसेंस बनाने की भी मांग परिवहन विभाग से किया है।

**आयोजन :** तरेकेला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, विधायक ने लिया आशीर्वाद

# सत्य, प्रेम, करुणा का मार्ग दिखाता है भागवत महापुराण : विधायक अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- ग्राम तरेकेला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की क्षेत्र की खुशहाली की कामना
- विधायक ने कथावाचक शास्त्री का किया अभिनंदन, कहा- भागवत कथा सिखाती है जीवन जीने की वास्तविक कला



आस्था और भक्ति की त्रिवेणी में सराबोर बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तरेकेला में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

समारोह में विधायक डॉ. अग्रवाल ने कथावाचक ज्योति शास्त्री का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने शास्त्री को श्रीफल, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रत्युत्तर में कथावाचक ज्योति शास्त्री ने भी विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की जनसेवा की भावना की सराहना करते हुए उनका मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया।

श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने के पश्चात श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भक्ति के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने प्रेरणादायी शब्दों में कहा कि श्रीमद भागवत कथा केवल श्रवण मात्र का विषय नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को वास्तविक जीवन जीने की कला सिखाती है, जिसके प्रभाव से मन के भीतर के अंधकार का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि भागवत महापुराण का वास्तविक सार हमें सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा देता है। साथ ही उन्होंने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में समरसता, एकता और आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है, जो क्षेत्र की उन्नति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का प्रादुर्भाव होता है। भगवान कृष्ण की लीलाएं हमें संकट के समय भी अडिग रहने और धर्म के साथ खड़े होने का साहस देती हैं। कथा स्थल पर कथा वाचिका ज्योति शास्त्री, प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला महंत लखन मुनि साहेब, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल (अम्बु), पिरदा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, सरपंच तरेकेला जमुना प्रेमसागर पटेल, प्रेमसागर पटेल, ग्राम गौटिया नेपाल सिंह पटेल, भूमि दानदाता मोतीलाल दाऊ, पूर्व सरपंच मुरली नायक, उदाल सिंह सिदार, डमरूधर पटेल, बिहारी लाल पोर्ते, हृदय सिंह पटेल, मोतीलाल पटेल, लाल सिंह सिदार, वीरेंद्र पटेल, ललित पटेल, हित लाल निषाद, चक्रधर पटेल, मंडल महामंत्री सुभाष बंजारा, मंडल महामंत्री मनीराम, सरपंच नौगड़ी मोहर साय, सुरेश दास, निज सचिव नरेंद्र बोरे, पत्रकार ऋषिकेशन दास, पत्रकार अभय धृतलहरे आदि उपस्थित रहे। कथावाचक ज्योति शास्त्री के भजनों और प्रवचनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विधायक ने काफी समय श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा का रसपान किया और अंत में आरती में भाग लेकर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ऑक्सीजन न मिलने से युवक की हुई मौत

## निजी अस्पताल पर लापरवाही के गंभीर आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। निमोनिया से पीड़ित 35 वर्षीय युवक की समय पर ऑक्सीजन न मिल पाने के कारण मौत हो गई। परिजनों ने निजी सोमेश्वर अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और समर्थकों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने शांत कराया। मृतक बसंत देवांगन (35) को शनिवार रात लगभग 8 बजे सांस लेने में परेशानी होने पर सोमेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक के भाई पीतेश्वर देवांगन के अनुसार, करीब 12 घंटे बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को निमोनिया तथा पसली की एक हड्डी टूटने की जानकारी दी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मरीज को रायपुर रेफर करने की मांग की, लेकिन आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने शुरुआत में रेफर करने से इनकार किया और ले जाने से रोका।

**एंबुलेंस देने में देरी और लापरवाही के आरोप-** परिजनों का कहना है कि मरीज की स्थिति लगातार गंभीर होती गई, फिर भी एंबुलेंस देने में टालमटोल किया गया। पहले चालक उपलब्ध न होने की बात कही गई। बाद में परिजन स्वयं एंबुलेंस चलाने को तैयार हुए, तब दोपहर लगभग 3 से 4 बजे के बीच एंबुलेंस दी गई। आरोप है कि एंबुलेंस में न तो कोई पैरामेडिकल कर्मचारी था और न ही ऑक्सीजन सिलेंडर का बैकअप सही ढंग से जांचा गया था।

**रास्ते में बिगड़ी हालत, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत-** बताया गया कि गरियाबंद से करीब 5 किलोमीटर आगे पांडुका के पास मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई। वहां के एक निजी अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि एंबुलेंस में लगा ऑक्सीजन सिलेंडर खाली हो चुका था। यह सुनकर परिजनों में आक्रोश फैल गया।

**अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों से किया इनकार-** अस्पताल संचालक कोमल सिन्हा ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि मरीज का उपचार सही तरीके से चल रहा था और परिजन अपनी इच्छा से उसे बाहर ले जाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि चालक उपलब्ध नहीं था, इसलिए परिजन स्वयं एंबुलेंस चलाने को तैयार हुए। उनका दावा है कि ऑक्सीजन सिलेंडर कम होने की जानकारी पहले ही दे दी गई थी और रास्ते में सिलेंडर बदलने की सलाह भी दी गई थी।

**जांच की मांग-** परिजन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर रेफर किया जाता और एंबुलेंस में पर्याप्त ऑक्सीजन तथा चिकित्सा कर्मचारी होते, तो बसंत की जान बच सकती थी। फिलहाल प्रशासन की ओर से जांच के आदेश की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन घटना ने जिले में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और आपात चिकित्सा सेवाओं की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## अमितेश शुक्ल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



लम्बे वर्षों के बाद मैनपुर देवभोग क्षेत्र पहुंचे छत्तीसगढ़ के प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल का ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा मैनपुर में जोरदार स्वागत किया गया। लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व क्षेत्र से पहुंचे लोगो ने श्री शुक्ला से मुलाकात किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा चल रहे कार्यो के संबंध में अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने जानकारी दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, खेलन साहू, लिकेश यादव, इमरान खान, तीव कुमार सोनी, सोहन नागेश, लोकनाथ साहू, सोनू, भुनेश्वर नेगी, तनवीर राजपूत, तिलक मरकाम एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे प"चात देवभोग के प्रवास पर पहुंचे अमितेश शुक्ल ने जिलाध्यक्ष सुकचंद बेसरा के निवास में एक परिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए और क्षेत्रभर से लोगो ने श्री शुक्ला से मुलाकात किया।



## पगडंडी पर बिछी पत्तों की चादर

**मैनपुर।** वनांचल मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पहुंचने वाली पगडंडी मार्गों में पत्तों का चादर बिछा नजर आ रहा है जो पतझड़ मौसम का अहसांस दिला रहा है यह तस्वीर शेख हसन खान ने गंगाजमुना ग्राम से पगडंडी मार्ग में लिया है। जलवायु परिवर्तन का असर क्षेत्र में तेजी से दिख रहा है दिन को तापमान तेजी से बढ़ रहा है। वहीं सुबह और रात को ठंड पड़ रही है जिसके चलते लोगों के सेहत पर इसका विपरित असर देखने को मिल रहा है।

## नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन कार्य का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 21 स्थित आश्रम कांपलेक्स के समीप ब्राह्मण समाज भवन परिसर में नवीन बोर खनन



कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नपा सभापति एवं पार्षदों को उपस्थिति में किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर समाजजनों को बधाई देते हुए कहा कि अब सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान पेयजल की समस्या नहीं होगी। साहू ने बताया कि समाज की मांग पर उक्त बोर खनन अध्यक्ष निधि से किया गया है। इस अवसर पर सभापति सूरज महानंद, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, मनीष शर्मा, समाजजन प्रमोद तिवारी, अश्वनी तिवारी, संतु तिवारी, रत्नेश साहू आदि उपस्थित थे।

## छिबर्रा ने जीता भंवरपुर टूर्नामेंट, ड्यूज बॉल क्रिकेट का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब भंवरपुर द्वारा आयोजित ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल छिबर्रा ने जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत भंवरपुर एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र पटेल संचालक बालाजी, एग्रो इंडस्ट्रीज संकेत अग्रवाल, लोकेश पटेल संचालक श्याम हॉस्पिटल, भूषण पटेल संचालक पटेल फ्यूल्स इंडियन ऑयल थे। इसका उद्घाटन भंवरपुर सरपंच कृष्ण कुमार सिदार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मैन ऑफ द सीरीज क्षीरसागर बुडेक, मैन ऑफ द मैच फाइनल योगेश प्रधान, बेस्ट बैट्समैन सौभाग्य प्रधान, बेस्ट बॉलर योगेश प्रधान, बेस्ट विकेट कीपर संदीप साहू, बेस्ट फील्डर रत्नेश प्रधान थे। प्रथम पुरस्कार विजेता छिबर्रा 15000 रुपए एवं ट्रॉफी और द्वितीय पुरस्कार भंवरपुर 8000 रुपए एवं ट्रॉफी दिया। फाइनल मैच में भंवरपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जिसमें छिबर्रा के टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 15 ओवर में 135 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए। जिसके जवाब टीम भंवरपुर ने 15 ओवर में मात्र 106 रन में ही 8 विकेट नुकसान पर भंवरपुर टीम बना पाई। टीम छिबर्रा फाइनल मैच को आसानी से 29 रनों से जीत दर्ज की। समापन अवसर पर समस्त क्रिकेट खिलाड़ी ग्रामवासी मौजूद थे। फाइनल मैच के अंपायर तुलाराम भोई, जमुना लाल नंद थे।

**राष्ट्रीय खिलाड़ियों व प्रतिभावान छात्रों को मोमेंटो व प्रमाण से किया गया सम्मानित**

# बेमचा स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेमचा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष बीज निगम, विशिष्ट अथितिगण द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, राहुल चंद्राकर कोषाध्यक्ष भाजपा, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच, देवेंद्र चंद्राकर महासमुंद, पवन पटेल जिला अध्यक्ष किसान मंच, धर्मेंद्र महोबिया, हरबंश सिंह ढिल्लो, शरद मराठा, नईम खान, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लखनु राम निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, उपसरपंच सुनीता कहार, सरस्वती जांगड़े, वरिष्ठ नागरिक भगत राम साहू, रमेश चंद्राकर, हीरालाल साहू, सेवती यादव, राम दयाल साहू, लीलाधर साहू, सेवानिवृत प्राचार्य डीआर डहरिया संस्था से नवपदोन्नत प्राचार्य तुलेंद्र सागर गढ़सिवनी के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ राजकीय गीत का सस्वर संगीतमय वातावरण में केआर सागर के निर्देशन में हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। पश्चात प्राथमिक शाला से खेमिन साहू शिक्षिका, उच्च प्राथमिक शाला से खेमराज साहू शिक्षक एवं हायर सेकंडरी स्कूल से किरण पटेल व्याख्याता के संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति, लोक संस्कृति, लोक नृत्य, नाटक, एवं फैंसी ड्रेस के साथ नशा उन्मूलन सन्देश देते बच्चों की प्रस्तुति को पलकों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्मी चंद्राकर एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक ने बच्चों के प्रस्तुति व प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए खेल मैदान, स्टेडियम, एवं गौरव पथ व महतारी सदन का निर्माण के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल भवन की घोषणा अपने उद्बोधन में दिया। संस्था के प्राचार्य सोहन लाल पाटकर ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन किरण पटेल, खेमराज साहू एवं खेमिन साहू ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में खेल शिक्षक डॉ सेवन दास मानिकपुरी, एसएल पाटकर, केआर सागर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, डॉ सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन कोसरे शहनाज बानो खान, खेमराज साहू, गुहन लाल साहू, तृप्ति दानियल, टाकेश्वर प्रसाद साहू, गजेन्द्र साहू, खेमिन साहू, सीमा चंद्राकर, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, जागेश्वरी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

आकांक्षा पात्रे एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं व पालकगण उपस्थित रहे।



## नम आंखों से गुरुजनों को दी गई विदाई

**मैनपुर।** संकुल स्तरीय शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामजी तिवारी, माध्यमिक शाला झरियाबाहरा एवं पदोन्नति प्राप्त शिक्षक सुरेश कुमार मारकंडे का सम्मानपूर्वक विदाई एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों ने दोनों शिक्षकों के योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्री राम जी तिवारी ने अपने 62 वर्षों के जीवन अनुभवों को साझा करते हुए साथियों के प्रेम और विद्यार्थियों के स्नेह को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने शिक्षकीय जीवन के प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए सभी को भावुक कर दिया और शिक्षा को समाज निर्माण का सबसे पवित्र कार्य बताया। साथ ही पदोन्नति प्राप्त शिक्षक सुरेश कुमार मारकंडे को भी सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लगन और कर्तव्यनिष्ठा से विद्यालय को नई ऊंचाइयां मिली हैं। समारोह में उपस्थित सभी साथियों ने पुष्पगुच्छ, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर दोनों शिक्षकों का सम्मान किया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए भावुक वातावरण में विदाई दी।


## खबर संक्षेप



### टंकेश्वर नाथ मंदिर में आज सत्यनारायण की कथा

**रसेला।** अहीर यादव परिवार ग्राम रसेला के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज 9 फरवरी को भगवान टंकेश्वर नाथ मंदिर ( टोनहीडबरी ) में भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया जाएगा। शास्त्री देवेंद्र महाराज ने कहा कि कथा का आयोजन बहुत ही पवित्र और उत्तम है। यह आयोजन निश्चित रूप से आसपास के वातावरण को भक्तिमय और शांत बना देगा। कथा का शुभारंभ सुबह 11 बजे से शुरुआत की जाएगी। साथ ही भगवान टंकेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया जाएगा, और ऊं नम शिवाय या महामृत्युजंय मंत्र ' का जाप करते हुए शिवलिंग पर धीरे-धीरे जल की पतली धार अर्पित करते हुए, जल के बाद, दूध, दही, शहद, घी और शक्कर ( पंचामृत) से अभिषेक कर, अंत में चंदन, भस्म और बेल पत्र चढ़ाएंगे। शास्त्री देवेंद्र महाराज ने कहा कि शिवजी की पूजा करते समय रोज शिवलिंग पर जल चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति बनी रहती है और सकारात्मकता आती है। आगे कहा कि सत्यनारायण की कथा का मुख्य उद्देश्य सत्य स्वरूप भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए आयोजित की जाती है। सत्यनारायण की कथा करने से व्यक्ति को हजार यज्ञ करने के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है। गणेश जी की पूजा के साथ कथा शुरुआत होगी, फिर भगवान विष्णु ( सत्यनारायण ) की पूजा, कथा के 5 अध्यायों का श्रवण और अंत में आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### वन्य प्राणी नील गाय भटक कर पहुंचा गांव के नजदीक



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के मुड़गेलमाल धवराझोला गांव के नाले पर रविवार को वन्यप्राणी नील गाय भटक कर पहुंच गया जिसे देखने लोगों की भीड़ लगी रही इसकी जानकारी वन विभाग को देने पर विभाग द्वारा रेस्क्यू कर वन प्राणी को जंगल की तरफ ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पीएम श्री सेजेस खोरपा में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

**अभनपुर।** पीएम श्री सेजेस खोरपा में लोकायतन वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता सिसोदिया ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन धीवर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत नामदेव, खोरपा सरपंच श्रीमती मीना ध्रुव तथा शाला विकास समिति अध्यक्ष रामसिंग उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंजाब का भांगड़ा, राजस्थान का घूमर, उड़ीसा का संबलपुरी नृत्य एवं छत्तीसगढ़ का आदिवासी नृत्य कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी कला, संस्कृति और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सेव ट्री नाटक के माध्यम से बच्चों ने वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। वहीं नशा मुक्ति विषय पर दी गई प्रेरक प्रस्तुति ने सामाजिक चेतना को मजबूती प्रदान की।

**कुंभ कल्प : राजिम कुंभ कल्प मेले के भव्य आयोजनों के बीच उठ रहे विरोध और असंतोष के स्वर**

# आस्था पर भारी पड़ रही अव्यवस्था, बाहरी इवेंट एजेंसियों को करोड़ों के ठेके देने पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में आयोजित होने वाला राजिम कुंभ कल्प मेला इस वर्ष अपनी धार्मिक भव्यता के बजाय विवादों और असंतोष के कारण चर्चा के केंद्र में है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद मेले में स्थानीय संसाधनों की अनदेखी और अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय व्यापारियों, ठेकेदारों और कलाकारों ने मोर्चा खोल दिया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस बार स्थानीय संसाधनों और लोगों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। वर्षों से मेला व्यवस्था, मंच सज्जा, साउंड, लाइट, टेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े काम करने वाले स्थानीय व्यवसायियों को दरकिनार कर दिया गया, जबकि बाहर की इवेंट कंपनियों को मोटे भुगतान पर ठेका दे दिया गया। स्थानीय ठेकेदारों का कहना है कि कुंभ कल्प मेला क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक और सांस्कृतिक समझ स्थानीय लोगों को बेहतर है, इसके बावजूद उन्हें सिर्फ दर्शक बनाकर रख दिया गया। कई छोटे व्यवसायियों और कारीगरों ने बताया कि मेले से मिलने वाली सालाना आमदनी पर ही उनके परिवार की रोजी-रोटी निर्भर रहती है, लेकिन इस बार वे पूरी तरह खाली हाथ रह गए। हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मंचीय कार्यक्रमों में दर्शकों की भारी कमी देखी जा रही है। प्रचार-प्रसार कमजोर, कार्यक्रमों का चयन जनरुचि से दूर और व्यवस्थाएं असंतोषजनक नजर आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी राशि खर्च कहां और किस आधार पर की गई? नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि इवेंट कार्यों के आवंटन की प्रक्रिया सार्वजनिक की जाए खर्च की पूरी जानकारी सामने लाई जाए स्थानीय ठेकेदारों और कलाकारों को प्राथमिकता देने की नीति बनाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि यही रवैया रहा तो भविष्य में कुंभ कल्प जैसे आयोजनों से स्थानीय समाज का जुड़ाव कमजोर पड़ जाएगा। पूरे मामले में अब तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। यह चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। कुंभ कल्प मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। ऐसे में स्थानीय लोगों की उपेक्षा करना न केवल अनुचित बल्कि मेले की मूल भावना के भी खिलाफ है।

**राजिम कुंभ कल्प, मेले की मूल आत्मा से दूरी-** स्थायी महोत्सव स्थल सुनसान, अस्थायी मेला मैदान पर करोड़ों का फिजूल खर्च श्री राजीव लोचन मंदिर क्षेत्र को किया गया सुनहरा कैद, लोगों में भारी नाराजगी राजिम कुंभकल्प, मेला, जो कभी श्री राजीव लोचन मंदिर के सान्निध्य में आस्था, संस्कृति और उत्सव का जीवंत संगम हुआ करता था, आज अपनी ही पहचान से भटकता नजर आ रहा है। मेले के शुरूआती दौर में संपूर्ण आयोजन श्री राजीव लोचन मंदिर के पास स्थित महोत्सव स्थल में ही संपन्न होता था। यह स्थल न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां करोड़ो रूपए की लागत से स्थायी रूप से मंच, बैठने की व्यवस्था, बिजली-पानी और अन्य मूलभूत ढांचे पहले से मौजूद हैं। इसके बावजूद वर्तमान में यह पूरा महोत्सव स्थल सुनसान और वीरान पड़ा हुआ है। कार्यक्रम कहीं और शिफ्ट कर दिए गए हैं और सरकार द्वारा अस्थायी रूप से नया मेला मैदान विकसित करने पर भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। लोग सवाल कर रहे हैं कि स्थायी महोत्सव स्थल का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा? अस्थायी मेला मैदान पर हर साल करोड़ों खर्च करने का औचित्य क्या है? मंदिर क्षेत्र को जानबूझकर उपेक्षित क्यों किया जा रहा है? लोगों का मानना है कि यह निर्णय न तो व्यावहारिक है और न ही जनभावनाओं के अनुरूप। परंपरा बनाम दिखावा.....! राजिम कुंभकल्प मेला केवल एक प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा का प्रतीक है। यदि इसकी जड़ों से ही दूरी बना ली गई, तो यह मेला धीरे-धीरे केवल औपचारिकता और दिखावे तक सीमित होकर रह जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन और सरकार स्थानीय भावनाओं को समझते हुए स्थायी समाधान की ओर कदम बढ़ाती है या जनता की नाराजगी यूं ही बढ़ती रहने देती है।

## अव्यवस्था को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शुमार राजिम कुंभ कल्प मेला इस बार आस्था से अधिक अव्यवस्था और असंतोष को लेकर चर्चा में है। राजिम और नवापारा दोनों शहर के स्थानीय जनप्रतिनिधि क्या कहते हैं? राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन राजिम कुंभ मेला आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। हजारों साल से यह मेला छत्तीसगढ़ की संस्कृति, गरिमा और गौरव की पहचान रहा है, जहां दूर-दराज से आए लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता का अनुभव करते थे। लेकिन राजिम कुंभ मेला 2026 अब धीरे-धीरे सेवा, संस्कार और संस्कृति से हटकर इवेंट का रूप लेता जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़िया संस्कृति विलुप्त होती दिख रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रशासनिक महामंत्री विकास तिवारी ने कहा कि जिस तरह भूपेश बघेल जी के मुख्यमंत्री रहते हुए कांग्रेस सरकार में महत्व दिये थे वैसी भव्यता व स्थानीय छत्तीसगढ़िया संस्कृति नहीं दिखाई दे रही है, पहले स्थानीय लोगों को काफी महत्व दिया जाता था, सब काम में स्थानीय लोगों की भागीदारी होती थी पर अब वैसा नहीं है। नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि किसी धार्मिक आयोजन को सिर्फ एक इवेंट ठेकेदार के हवाले कर देंगे तो यही स्थिति होना है। आज यह पूरी तरह अव्यवस्थित हो गया है। पहले इस आयोजन में राजिम, नवापारा और आसपास के सभी नागरिकों व्यापारियों धार्मिक संगठनों का योगदान होता था और इसके प्राचीन स्वरूप को भी यथावत रखा जाता था। इससे जुड़े सभी लोगों को लगता था यह अपना आयोजन है पर इवेंट ठेके से यह भावना भी आहत हुई है।

**श्रद्धालुओं को उचित सुविधा नहीं-** भाजपा नेता प्रवीण पुष्पाकर ने कहा कि मुख्यमंच जाने का रास्ता बना हुआ है बहुत ही गलत बना है। मुख्य मंच जाने का रास्ता तो जगने निवास के बगल से रास्ता है उसको बनाना था जिससे आम जनता आसानी से आ जा पाते। ये बाहर से इवेंट वाले आये है क्या जानेंगे? मड़ई मेला के बारे में, ये मुंबई का इवेंट नहीं है हमारा प्राचीन श्री राजीव लोचन जी का मेला है यह हमारी संस्कृति को क्या जानेंगे इनको तो टेंडर देना नहीं था हम लोग लोकल के वेंडर आज बेरोजगार हो गए हम लोकल के वेंडर (ठेकेदार) पिछले कई वर्षो से काम कर रहे थे और अधिकारी कर्मचारी से मिलकर काम करते थे। नगर पंचायत के पूर्व सभापति ओमप्रकाश आडिल ने कहा कि वैसे इवेंट के बारे में बोला जाए तो इनका कार्य प्रणाली उचित व्यवस्थित नहीं दिखता किंतु स्थानीय व्यक्तियों द्वारा व्यवस्था अपने नगर के हित में देखकर काम करते थे जिससे मेला में आए हुए श्रद्धालुओं को उचित सुविधा मिलती थी।

**कुंभ कल्प मेला प्रतिवर्ष अपना अस्तित्व खोता जा रहा-** पार्षद तुषार कदम ने कहा कि 2004 से आयोजित इस राजिम कल्प कुंभ के प्रारंभ के लिए बृजमोहन अग्रवाल जी ने पूरे भारत से साधु संतों को आमंत्रित किया। जो मेला अपनी भव्यता, गरिमा और व्यवस्था के साथ ही स्थानीय लोगों के पारस्परिक सहयोग के लिए भी जाना जाता रहा है। परंतु 2026 के आयोजन में लगी कथित इवेंट कंपनी के द्वारा बनाई गई व्यवस्था, अव्यवस्था के रूप में सामने आ रही है। नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला प्रतिवर्ष अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के चलते स्थानीय लोगों का मेले के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण स्थानीय लोगों के हाथों से मेले की व्यवस्थाओं को छीन कर इवेंट के माध्यम से सारे कार्यों को कराए जाने से मेले का जो पौराणिक महत्व है उसे पर जबरदस्त असर पड़ा है छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद इस वर्ष का मेला सबसे कमजोर साबित हुआ है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष रामा यादव ने कहा कि राजिम कल्प कुंभ मेला पिछले सभी वर्ष के अपेक्षा इस वर्ष पूरी तरह से अव्यवस्थाओं से भरा है। सिर्फ पुलिस विभाग की घेराबंदी और व्हीआईपी सुविधा पर ही पूरी तरह ध्यान दिया गया है सभी तरह के कार्यक्रम को चौबेबांधा ले जाने से नयापारा राजिम पूरी तरह से सुना लग रहा हैं आने वाले वर्ष में मुख्यमंच अपने पुराने स्थल पर हो और भी अन्य कार्यक्रम राजिम लोचन कुलेश्वर महादेव मंदिर के समीप होने से राजिम मेला की सही अनुभूति होगी।

**इवेंट सिस्टम ने राजिम के कुंभ कल्प को ध्वस्त कर दिया-** नगर पंचायत की पूर्व सभापति पुष्पा गोस्वामी ने कहा कि इस बार राजिम कुंभ कल्प मेला इवेंट संस्कृति की भेंट चढ़ गई है। स्थानीय लोगों की कोई पूछ परख नहीं है। शासन और सरकार को चाहे वह किसी भी पार्टी या संगठन का व्यक्ति हो उनसे मिलकर तथा सुझाव लेकर मेला के कार्य को आगे बढ़ना चाहिए था। इसके अलावा शहर के लोगों के अलावा जिले के आसपास के गांव के लोगों को भी इस आयोजन में जोड़ना चाहिए था लेकिन ऐसा कुछ हो नहीं रहा है। नगरपालिका के पूर्व पार्षद स्वर्णजीत कौर ने कहा कि इवेंट सिस्टम ने राजिम के कुंभ कल्प मेले में चार चांद लगाने के बजाय सब कुछ ध्वस्त कर दिया है। स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। शासन, प्रशासन इस पर संज्ञान लें। ताकि स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष पदमा दुबे ने कहा कि दो दशक के माघी पुन्नी मेला में इस बार लोगों के उत्साह में काफी कमी नजर आ रही है। इसका मुख्य कारण ये है कि मेला को चौबे बांधा में भेजा गया वहां तक तो ठीक है लेकिन महोत्सव को नहीं ले जाना था राजिम के लिए यह एक धार्मिक महत्व और आस्था का विषय है जिसे इस वर्ष इवेंट बना कर रख दिया गया है यह बड़े खेद का विषय है महोत्सव को देखने के लिए जहां भीड़ उमड़ पड़ती थी वहां सन्नाटा पसरा है और स्थानीय जन प्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा हो रही है।

# फाइलेरिया के विरुद्ध महाजंग,10 से शुरू होगा सामूहिक दवा सेवन

**फाइलेरिया रोकथामे लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिया कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





विकासखंड फिंगेश्वर में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन गतिविधि का आयोजन 10 फरवरी से 25 फरवरी तक किया जाएगा। इस के लिए विकासखंड के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सीएचओ, समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक, पर्यवेक्षक आईसीडीएस, समस्त मितानिन प्रशिक्षक, समस्त दवा प्रशासक जिसमें मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सेवी, आरआरटी टीम, समस्त नोडल शिक्षको को खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी योगेश पराना के द्वारा प्रशिक्षण दे दिया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसएल हुमने ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद डॉक्टर यूएस नवरत्न सर, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रेड्डी सर के निर्देशन में विकासखंड फिंगेश्वर में 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एमडीए) अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन गतिविधि का आयोजन किया जाएगा।

**हाथी पांव से बचाव के लिए करें दवा का सेवन-** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया हाथी पांव से बचाव के लिए पूरे जन समुदाय को हाथीपांव से बचाव हेतु दवा का सेवन कराया जाएगा 10 से 12 फरवरी 2026 तक पहले 3 दिन बूथ जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, कॉलेज और हमारे सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में हमारे दवा प्रशासक मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा दवाई का सेवन कराया जाएगा स्कूलों में स्कूली शिक्षक की उपस्थिति में सारे स्कूली बच्चों को दवाई का सेवन कराया जाएगा साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत गैर पंजीकृत शाला त्यागी बच्चे एवम पूरे जन समुदाय को 3 दिन बूथ लगाकर हाथी पांव से बचाव के लिए दवाई का सेवन कराया जाएगा। उसके बाद 13 फरवरी 2026 से 22 फरवरी 2026 तक हमारे दवा प्रशासक के द्वारा घर-घर भ्रमण कर हाथी पांव से बचाव के लिए जन समुदाय को उम्रवार दवा का सेवन कराया जाएगा। दवा प्रशासक द्वारा अपने सामने डाट पद्धति से जनसमुदाय को दवा का सेवन कराएंगे दवा किसी भी परिस्थिति में घर पर छोड़कर नहीं आना है, दवा प्रशासक द्वारा हाथीपांव से बचाव के लिए डीईसी, आइवरमेक्टिन, एल्बेंडाजोल की दवाई उम्र अनुसार खिलाई जाएगी जिसमें टेबलेट आइवरमेक्टिन को 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 90 सेंटीमीटर से कम ऊंचाई वाले बच्चे, टेबलेट डीईसी को 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती माताएं, एक सप्ताह की स्तनपान कराने वाली शिशुवती माताओं और गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन कराया जाना है, किसी कारणवश दावा खाने से छुटे हुए व्यक्तियों को 23 से 25 फरवरी 2026 तक मापअप राउंड में दवा का सेवन कराया जाना है, यह भारत सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, भारत सरकार ने 2027 तक देश से फाइलेरिया को उन्मूलित करने का लक्ष्य रखा है, इसलिए पूरे जनसमुदाय को हाथीपांव से बचाव के लिए एक साथ दवा का सेवन कराया जा रहा है, ताकि फाइलेरिया परजीवी के प्रसार संक्रमण को रोककर देश को फाइलेरिया से मुक्त किया जा सके।



# सशिमं स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

श्री बालाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में कक्षा 12वीं के भैया बहनों का विदाई समारोह संपन्न। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय संचालन समिति की व्यवस्थापक उत्तम सिंह राजवंशी, रामू राम साहू, पूनम यादव विद्यालय के प्रचार इसकी दीपक शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीपक कर किया गया। इसके पश्चात कक्षा ग्यारहवीं के भैया बहनों द्वारा 12वीं के भैया बहनों के लिए विविध खेल का आयोजन किया गया और उन्हें उपहार से सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं के भैया बहनों द्वारा अनुभव कथन का वचन किए गए जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर योजना के तहत संस्कार, नैतिक शिक्षा आध्यात्मिक शिक्षा अध्यापन कार्य एवं भविष्य में विद्यालय से बाहर निकाल कर अपने परिवार में समाज में विद्यालय के आदर्श को रखने की बात कही। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने 12वीं के भैया बहनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए परीक्षा परिणाम अच्छे आने एवं तैयारी करने की बात कही।भैया बहनों के उत्साहवर्धन के लिए राजवंशी एवं पूनम यादव द्वारा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में स्थान प्राप्त करने वालों के लिए सम्मान राशि की घोषणा की एवं भैया बहनों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के आदर्श भैया एवं बहन के रूप में भैया नीलम साहू एवं बहन गीतांजलि ध्रुव रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की बहन वीणा साहू एवं जय श्री निर्मलकर ने किया।

पेज 7 का शेष...

### आधे-अधूरे सड़क...

भी है और दर्जनों ग्रामो के हजारो लोगो का प्रतिदिन इस मार्ग से आना जाना होता है स्कूली बच्चे ज्यादा दुर्घटना के शिकार हो रहे है सायकल और मोटर सायकल के पहिए फिसल जाने से लोग गिर कर घायल हो रहे है इस मार्ग में मरम्मत के नाम पर कुछ स्थानो में सीसी रोड़ का आधा अधुरा निर्माण कर दिया गया है सीसी रोड़ निर्माण के बाद साईड को मिट्टी और मुरम से नही पाटा गया है जिसके कारण साईड देते समय दुर्घटना के शिकार हो रहे है वहीं मुड़ापारा के पास सड़क को आधा निर्माण कर छोड़ दिया गया है रात के अंधेरे में रोज लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अमृत लाल नागेश, कमार नेता पिलेश्वर सोरी, जिड़ार के सरपंच मुकेश कपिल, भाजपा नेता राकेश दुबे व क्षेत्र के लोगो ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि अधुरा सड़क को जल्द पूरा करवाया जाय और जिम्मेदारो पर कार्यवाही किया जाय जिस लापरवाही से आधा अधुरा कार्य छोड़ दिया गया है उससे बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव पिछले दिनों इस सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता पर जहां सवाल खड़े करते हुए जमकर नाराजगीय जताया है वहीं आधा अधूरा कार्य को जल्द पूरा करने को कहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## अंशु लहरे बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम

**छुरा।** सतीश चंद्रवंशी मुख्य कार्यपालनअधिकारी जनपद पंचायत छुरा के मार्गदर्शन में शासन के आदेशानुसार जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता गरियाबंद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। छुरा ब्लॉक के महिला खिलाड़ीगण उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं सम्मिलित हुए जिसमें 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग में अंशु लहरे एकल बैडमिंटन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में तेजेश्वरी साहू द्वितीय स्थान रही। खो खो में द्वितीय स्थान वेटलिफ्टिंग में प्रथम स्थान रही 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 400 मीटर दौड़ में माहेश्वरी यादव प्रथम, 100 मीटर दौड़ में गूंजा नेताम द्वितीय स्थान, जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता विकासखंड के नोडल आर के ध्रुव, कयाराम यादव करारोपण अधिकारी रहे। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव, अपर कलेक्टर प्रभारी खेल अधिकारी ऋषा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## तोरई लगाने किसानों को दी गई सलाह



**रसेला।** फरवरी महीने में तोरई की फसल लगाना फायदे का सौदा साबित हो सकता है। गर्मियों में इसकी मांग बहुत ज्यादा होती है और कम लागत में तैयार होने वाली यह फसल मात्र 50 से 60 दिनों में बंपर पैदावार देकर किसानों को मालामाल कर सकती है। छुरा विकास खंड के उद्यानिकी विभाग के अधिकारी सुनील साहू ने बताया कि अच्छा उत्पादन लेने के लिए सही मिट्टी और सही तापमान का होना बहुत जरूरी है,तोरई की खेती के लिए गर्म और आर्द्रता वाली जलवायु सबसे अच्छी मानी जाती है। मिट्टी का पीएच मान 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए और खेत में पानी निकलने का अच्छा इंतजाम होना चाहिए ताकि फसल खराब न हो। आईएआरआई द्वारा तैयार की गई VNR-103, Pusa स्नेहा किस्म उन किसानों के लिए सबसे अच्छी है जो जल्दी कमाई करना चाहते है, यह किस्म मात्रा 50 दिनों में तोड़ने के लिए तैयार हो जाती है। इसमें बीमारियों से लड़ने की अच्छी क्षमता है। अगर आप बहुत ज्यादा पैदावार चाहते हैं, तो ' पूसा चिकनी ' आपके लिए एक शानदार विकल्प है, हालांकि यह फसल तैयार होने में 60 से 70 दिनों का थोड़ा ज्यादा समय लेती हैं। इसके फल मध्यम साइज के होते हैं, जो बाजार में आसानी से बिक जाते हैं।

### अधिवेशन : श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सोनकर समाज का अधिवेशन हुआ आयोजित

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सोनकर समाज के अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि समाज का एक अलग महत्व है। यदि शिक्षा, सभ्यता और संस्कृति को बचाकर रखा जाए, तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। समाज के समग्र विकास के लिए इन तीनों मूल्यों पर चिंतन और अमल आवश्यक है। विधायक श्री साहू ने कहा कि सोनकर समाज मेहनतकश समाज है जो परिश्रम के बल पर निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने समाज में बिन्नी बाई को दानदाता के रूप में स्मरण करते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियां पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने नारा दिया था कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ। हम सब गर्व से कह सकते है कि बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। कहा कि समाज को हम क्या दे रहे है? इस पर भी चिंता करें। समाज संगठित रहेगा तो सारे काम संभव होगा। श्री साहू ने समाज के लोगों से नशापान का त्याग करने की अपील करते हुए कहा कि नशा समाज की जड़ों को कमजोर करता है। स्वस्थ, शिक्षित और जागरूक समाज ही विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ सकता है। अपने के दौरान विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि छोटे से गांव का सरपंच रहा हूं। आज विधायक के रूप में आपके आशीर्वाद से खड़ा हूं। उन्होने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि मुझे अपना बेटा और भाई समझकर आशीर्वाद दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के हर सुख-दुख में वे सदैव साथ खड़े रहेंगे और समाज की आवाज को पूरी मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। अधिवेशन में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम सामाजिक एकता, चिंतन और सकारात्मक ऊर्जा का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।





**सोनकर समाज हमारी पहचान, समाज से जुड़ाव हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : साहू**

श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित सोनकर समाज के अधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू ने समाज की एकता, आस्था और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि समाज है तभी हमारी पहचान है। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर समाज के प्रति विश्वास और निष्ठा होना आवश्यक है। विधायक साहू ने कहा कि समाज के लिए समय निकालना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। जब भी समाज का कोई आयोजन, उत्सव या कार्यक्रम हो, उसमें पूरे परिवार के साथ अनिवार्य रूप से सहभागिता करनी चाहिए। इससे न केवल सामाजिक जुड़ाव मजबूत होता है, बल्कि समाज के माध्यम से व्यक्ति का सम्मान और पहचान भी बढ़ती है। उन्होंने सोनकर समाज को मेहनतकश समाज बताते हुए कहा कि यह समाज अपने परिश्रम, ईमानदारी और संघर्ष के बल पर निरंतर प्रगति कर रहा है। समाज के लोगों में परिश्रम के प्रति जो संस्कार हैं, वही इसके उत्थान का सबसे बड़ा आधार हैं। श्री साहू ने कहा कि सोनकर समाज के प्रति उनका प्रेम और सहयोग सदैव बना रहेगा। समाज की एकजुटता और सकारात्मक सोच ही आने वाली पीढ़ियों को मजबूत आधार प्रदान करेगी। अधिवेशन में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण सामाजिक एकता और उत्साह से ओत-प्रोत रहा। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर ने की।

**सम्मान समारोह एवं सामाजिक पुस्तक का विमोचन-** इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू एवं विधायक रोहित साहू ने 20 लाख रूपए की लागत से बनने वाले सामाजिक भवन का भूमिपूजन किया। यहां सम्मान समारोह एवं सामाजिक पुस्तक का विमोचन हुआ। प्रारंभ में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी के समक्ष पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। सोनकर समाज के इस गरिमामय समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, गरियाबंद जिला भाजपा के महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत राजिम की पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, पार्षद टंकू सोनकर, सभापति निर्मला-धीरज साहू, पार्षद भारत सोनकर, लोमेश्वरी साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, किसान नेता चंद्रिका साहू, संजीव-टिंकू सोनी, मुकुंद मेश्राम, राकेश सोनकर, फिंगेश्वर सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, संतुलाल सोनकर, समाज के महामंत्री चेतन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर, अप्पू सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, अनिल सोनकर, मनोज सोनकर, अंकेक्षक अखिलेश सोनकर, उपमंत्री भागवत इंदौरिया, शिक्षा विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. दाऊलाल इंदौरिया, तामेश्वर सोनकर ,रोहित सोनकर, संतोष सोनकर, भगवान दास सोनकर, विधिक सलाहकार गजेंद्र सोनकर, कार्यालय मंत्री विजय सोनकर, श्रीरामजानकी विद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल सोनकर, कार्यकारी अध्यक्ष पवन सोनकर, छात्रावास के सचिव गज्जू सोनकर, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ सोनकर, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुश्री यशोदा सोनकर एवं सभी राज अध्यक्षों कुल कुटुंबजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बता दें कि नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में अर्जुन्दा के प्रभा सोनकर, कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली भावना सोनकर, समाज के एमबीबीएस, एमडी डॉ. रेशमा सोनकर, डॉ. टिकेन्द्र सोनकर, डॉ. बलराम सोनकर, डॉ. मयंक सोनकर, डॉ. प्रियंका सोनकर, डॉ. आकाश सोनकर एवं समाज के एएसआई सोनकर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चेतन सोनकर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# धुरसा में सिन्हा कलार समाज के वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिन्हा कलार समाज राजिम कोपरा - पाण्डुका परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन रविवार को ग्राम धुरसा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन एवं माता बहादुर कलारिन के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। सम्मेलन में राजिम-कोपरा-पाण्डुका परिक्षेत्र अध्यक्ष रामलाल सिन्हा, जिला अध्यक्ष अवध राम सिन्हा, देवभोग मंडलेश्वर, खेमराज सिन्हा, फिंगेश्वर मंडलेश्वर, ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव संजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष भारत सिन्हा, प्रमुख सलाहकार शिव कुमार सिन्हा, कमल सिन्हा संरक्षक दीनू राम सिन्हा, विनोद सिन्हा, महेश सिन्हा, हेमंत सिन्हा कमलेश्वर सिन्हा, नंदू सिन्हा, पिपलेश्वर सिन्हा जगत राम सिन्हा श्रीमती लीला सिन्हा सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान स्कूली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जिसमें कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र कुमारी दामेश्वरी सिन्हा ग्राम धुरसा, कुमारी श्रुति सिन्हा पाण्डुका, कुमारी वंशिका सिन्हा अतरमरा, ईश्वर लाल सिन्हा कसेरुडीह, खेमराज सिन्हा मुरमुरा। इसी तरह कक्षा दसवीं में केयूर भूषण सिन्हा कोपरा, कुमारी भावना सिन्हा बारूका, कुमारी साक्षी सिन्हा कोपरा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक व्यक्तियों को भी मंच से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपने सुझाव दिए तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। सिन्हा कलार समाज राजिम-कोपरा-पाण्डुका परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय एवं उल्लेखनीय भागीदारी भी देखने को मिली।

# श्रीरामचरितमानस सम्मेलन के समापन में रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



ग्राम हरदीभाठा में तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार तीसरे दिन समापन के अवसर पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े हजारों श्रद्धालुओं के लिए यहां भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई और देर रात तक मानस गान सम्मेलन में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा मानस गान किया। चारो तरफ माहौल धार्मिकमय रहा। इस मौके पर प्रमुख रूप से इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित योगेश शर्मा, लालाराम पटेल, धनसाय सोनवानी, महेन्द्र पटेल, शेखर पटेल, विश्राम यादव, रफीक खान, रामसय निर्मलकर, सुकराम निर्मलकर, राजकुमार सोनवानी, श्याम विश्वकर्मा, डोमार पटेल, रमेश ठाकुर, पंचम राम पटेल, खगेश्वर साहू, रामजी साहू, थानुराम पटेल, भागीरथी निशाद, सरपंच मालती बाई, लोचन निर्मलकर, यातिराम पटेल, लखन जगत, सुन्दर निर्मलकर, लोचन साहू, रामरतन पटेल, महेन्द्र पटेल, सुनील साहू, मुरारी पटेल, मुकुन्द निर्मलकर, उमेन्द्र निर्मलकर, पुष्पेन्द्र पटेल, चन्द्रशेखर, तेजेश्वर सोनवानी, द्रोणाचार्य पाडेय, मनोज निर्मलकर, सवितानंद साहू, रोशन पटेल, चुम्मन पांडेय, गोंविद पटेल, नंदकिशोर पटेल, वरूण पटेल, गगन निर्मलकर, गौकरण यादव, चांनद पटेल, मनीश निर्मलकर, हर्शवर्धन साहू, कोमल साहू, दुर्गेश निर्मलकर, तेजकुमार पटेल, तिजेश निर्मलकर, कोविद पटेल, दिपेन्द्र साहू, दुष्यंत पटेल, हरीश यादव, गजेन्द्र पटेल, गजेन्द्र यादव, गजांनंद साहू, भावेश साहू, भांगचंद निर्मलकर, योगेश निर्मलकर, गौरव पटेल, अरूण पटेल, योगेश निशाद, आदेश पटेल, रमेश साहू, हेमलाल पटेल, लल्लू पटेल, पूर्व सरपंच दुलिया बाई ठाकुर, रमेश ठाकुर, केशव पटेल, आधार निर्मलकर, रूपराम निर्मलकर, रूपराम निषाद, चेतन निर्मलकर, नियाजी पटेल, डोमेश पटेल, गोपी निर्मलकर, राकेश पटेल,सालिक राम पटेल, केशव पटैल, सहित हजारो की संख्या में क्षेत्रभर के लोग शामिल हुए।

## पैरी नदी और प्रस्तावित राजिम बैराज के मॉडल ने खींचा ध्यान, श्रद्धालुओं को भा रहे विभाग के स्टॉल

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला में जल संसाधन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खासकर पैरी नदी उद्गम एवं प्रस्तावित राजिम बैराज का कार्यशील मॉडल एकाएक लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। स्टॉल पर दिनभर दर्शनार्थियों की काफी भीड़ देखने को मिली। जल संसाधन विभाग के स्टॉल में पैरी नदी के उद्गम स्थल भाटीगढ़ को मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया है। यहां बताया गया कि भाटीगढ़ से निकलने वाली पैरी नदी का पानी सिकासेर बांध में पहुंचता है, वहां से आगे कुकदा डेम होते हुए अंततः राजिम तक प्रवाहित होता है। स्टॉल में उपस्थित कर्मचारी ने बताया कि पैरी नदी का जल गरियाबंद, छुरा एवं राजिम क्षेत्र में सिंचाई के साथ-साथ



पेयजल एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। स्टॉल में प्रस्तावित राजिम बैराज का मॉडल भी रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत 95 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इस बैराज की कुल लंबाई लगभग 500 मीटर एवं ऊंचाई 5 मीटर प्रस्तावित है। बैराज के निर्माण से राजिम एवं नवापारा क्षेत्र में जल संकट समाप्त होगा तथा सालभर जलभराव बना रहेगा। इसके साथ ही नौकाविहार, वाटर स्पोर्ट्स और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। जल संसाधन विभाग गरियाबंद द्वारा प्रस्तुत कार्यशील मॉडल में राजिम बैराज के साथ-साथ राजीव लोचन मंदिर, लक्ष्मण झूला, गंगा आरती घाट, राजिम मेला स्थल, पैरी नदी, कुलेश्वर नाथ मंदिर, नवागांव एनीकट, लोमश ऋषि आश्रम को भी दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त पैरी नदी सिंचाई परियोजना, सिकासेर जलाशय तथा पैरी-घुमर व्यपवर्तन परियोजना सहित गरियाबंद जिले की विभिन्न सिंचाई योजनाओं के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए हैं। कुंभ कल्प मेला में जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल लोगों के लिए जानकारी का केंद्र बन गए हैं। हितग्राही यहीं पर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

# डीएवी स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा मैनपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में देहारगुड़ा के सरपंच महेश दीवान, मुकेश ठाकुर, संकुल समन्वयक देहारगुड़ा और पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रें को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश दीवान ने सभी विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दीं और वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डीएवी के छात्र-छात्राएं पढ़ाई, खेल, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कला कौशल और नवाचार में पूरी लगन और समर्पण के साथ कार्य करते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इसके बाद कक्षा बारहवीं के छात्रों को विदाई दी गई। अंत में डीएवी स्कूल के संस्था प्रमुख अजय नागेश ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लेखराज साहू, राकेश साहू, परम ज्योति भोई, उत्तम साहू, अग्निहोत्र साहू, रमेश यदु, अंजू यदु, संगीता साहू, लवलित आडीले, देविका नेताम, नग़मा खातून, प्रशांत महंत, प्रहलाद मरकाम, शैलेश यादव, लक्ष्मी बघेल समेतबड़ी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।

# पूर्व जन्म के पापों को भी काटती है राम कथा : देवी जया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



73वें मानस परायण महायज्ञ कथा प्रवचन के प्रथम दिन देवी जया गौतम की कथा के साथ प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम व्यास पीठ पर ओंकार शाह पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष मन्मानस प्रचार यज्ञ समिति अशोक दीक्षित पूजा प्रतिनिधि पटेल परिवार महिला मानस मंडली के सदस्यों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया। पश्चात व्यास पीठ से देवी जया गौतम ने सुमधुर भजन के साथ रामकथा महत्तम की महिमा बताते कहा कि रामकथा दुर्लभ है मन की चंचल को दूर करने एवं नियंत्रित करने के लिए सबसे सरल साधन है भजन कीर्तन। भगवान ने दो गंगा उत्पन्न की एक भागीरथी गंगा दूसरा कथा गंगा। कथा गंगा जहां होती है वहां भागीरथी गंगा के साथ यमुना गोदावरी सरस्वती सभी पवित्र नदिया आ जाती है श्रीराम तक पहुंचने की सीढ़ी है राम कथा किन्तु क्या रामकथा सुनने से रामजी तक सब पहुंच जाते हैं, नहीं जब तक रामकथा को अंगीकार नहीं करेंगें चरितार्थ नहीं करेंगे तब तक श्रीराम तक नहीं पहुंच पायेंगे। जिस दिन दिखावे का जीवन अहंकार का जीवन समाप्त होकर कथा को जीवन में उतार लेने श्रीराम मिलेंगे कथा पाप का नाश करती है जैसे गंगा स्नान करने से पाप नष्ट हो जाता है। पाप कटने पर ही प्रभु मिलेंगे। रामजी की कृपा प्राप्त मनुष्य को किसी प्रकार का विघ्न नहीं सताता। पूर्व जन्म के पाप भी मनुष्य को रामकथा से रोकते हैं मन और हृदय की सफाई सतसंग और कथा श्रवण से होती है। भगवान भीतर की सुंदरता से मोहित होते हैं बाहरवाली सुंदरता से नहीं सूर्पनखा सुन्दर बनकर गई थी भगवान ने उसे देखा तक नहीं वहीं बूढी शबरी को गजगामिनी सुन्दरी कहने लगे। रामकथा महिषासुर जैसे पापों को मारने वाली महाकाली है।



**जब हृदय में भक्ति आती है तो भगवान स्वयं विराजमान हो जाते हैं-** हरि अनंत हरि कथा अनंता एक जन्म रामकथा सुनने के लिए पर्याप्त नहीं है भगवान श्रीराम धरती पर अवतार क्यों लेते है इसके अनेको कारण है जब धरती पर पाप बढ़ता है लोग साधु संतों से सेवा करवाते हैं तब सास, ससुर, माता-पिता व गुरु से सेवा करवाते है। संसार में जब चोर डाकू लबार लंपट बढ़ जाते हैं तब भगवान का अवतरण होता है भगवान को देखने के लिए हमारे यह नेत्र काफी नहीं है। इस आंख से संस्कार दृष्टिगोचर होता है हमारी देह ही धरती है जिसमें दसों इंद्रियां रहती है ये सब सुख चाहती हैं पर जब कष्ट आता है तब वह भगवान को याद करती है जब हृदय में भक्ति आती है तो भगवान स्वयं विराजमान हो जाते हैं एक दिन का समय प्रदान करने के लिए एवं सत्संग के लिए समिति की ओर से बजरंग पांडे सचिव ने आभार देवीजी का आभार व्यक्त किया। विदाई की औपचारिकता को भी पूर्ण करने के लिए बजरंग पांडेय, बिसेसर दीवान, कोषाध्यक्ष अशोक दीक्षित, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, शिवदयाल ने निर्वहन किया। कथा में टंकेश्वर, नरोत्तम साहू, गनेशुराम, शीतल ध्रुव, कामता प्रसाद तिवारी, मिथलेश सिन्हा, विनोद कुमार देवांगन, खोलबाहरा निषाद, महिला मानस मंडली के सभी सदस्य गण मानस समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411